>

Title: Need to provide special financial package for the farmers distressed due to indebtedness and non-remunerative cost effective prices for their agricultural produce in Latur, Maharashtra.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर (महाराष्ट्र) में किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण और खेती में अधिक लागत के कारण किसान कर्ज में डूबते जा रहे हैं। किसान हताश हो गए हैं। देश की बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है, जिसके कारण किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं।

अत: सरकार से मेरी मांग है कि महाराष्ट्र के किसानों को विशेष आर्थिक सहायता दी जाए।